# मसीह 4



© 2021 Comic Bible Society, LLC


यीशु को पहला चमत्कार किए अधिक समय नहीं हुआ था कि वह यहूदिया के प्रदेशों में गया।
लोगों ने उसका अनुसरण करना, उसे सुनना आरम्भ कर दिया।
और उसके चेलों ने अनुसरण करने वालों में से कइयों को बपतिस्मा दिया।
क्या तू विश्वास करता है कि हम ऐसा कर रहे हैं?
मैं ऐसा महसूस करता हूँ कि जैसे मैं ... योग्य नहीं ...
यीशु का मिशन जोश के साथ आरम्भ हो गया।
और यह अनदेखा नहीं रहा था।
तू इससे क्या करना चाहता है?
मैं नहीं जानता! सबसे महत्वपूर्ण यह है कि यूहन्ना इसके विषय में क्या सोचता है?
यरदन नदी के दूसरी तरफ ...
हे गुरु! हे गुरु!
हाँ, हाँ, यह क्या है?
यह वह व्यक्ति है जिसे तूने बपतिस्मा दिया जब हम यरदन के दूसरी तरफ थे!
हे गुरु, वह अब बपतिस्मा दे रहा है!
तेरे बजाए सब उसके पास जाते हैं!
तू इसके बारे में क्या करने वाला है?
मैं तुमको कैसे समझाऊँ?

यूहन्ना २:२२-२६




मत्ती ४:१२; मरकुस १:४; लूका ३:१९-२०




मत्ती ४:१२; मरकुस १:४; लूका ७:१९-२०


हे स्वामी, तूने फरीसियों को घबरा दिया है।
वे तेरी शिक्षाओं को और उसके यूहन्ना के साथ जुड़ाव को पसंद नहीं करते हैं।
विशेषकर जब से यूहन्ना को राजा के द्वारा गिरफ्तार किया गया है!
हेरोदेस के द्वारा गिरफ्तार।
एक भविष्यद्वक्ता अपने ही देश में आदर नहीं पाता।
कदाचित यह समय हमारे आगे बढ़ने और वापिस ... जाने का है।
"... गलील की ओर"
उनका मार्ग सामरिया होकर से सेईर को जाता था, जहाँ कई पीढ़ियों पहले याकूब ने अपने पुत्र यूसुफ़ को एक कुआँ दिया था।
अब वह क्षेत्र सामरियों का है जो कि यहूदियों के ऐसे वंशज है जो तोरह को उपयोग तो करते थे परन्तु यहूदियों के समान धर्म का पालन नहीं करते थे।
मुझे भूख लगी है।
सिक्का तो सिक्का है, चाहे तुम यहूदी हो या सामरी, ठीक है?
क्या हम नगर में जाएँ? देखें कि क्या ये सामरी लोग हमें भोजन बेचेंगे?
मैं यहाँ अपने दर्द करते पैरों को आराम देते हुए प्रतीक्षा करूँगा।
इस धार्मिक अंतर ने इन दो लोगों के बीच में बहुत बैर और संदेह को पैदा कर दिया था।
क्या तू मुझे इस कुएँ से पानी पिलाएगी?
मैं? तू मुझ, एक सामरी से पानी पिलाने के लिए क्यों कहता है?
यदि तू जानती कि कौन तुझसे पानी माँग रहा है, तो तू मुझ से माँगती!
और मैं भी तुझे पीने के लिए जीवन का जल देता।

यूहन्ना ४:१-२६


महोदय, यह कुआँ गहरा है।
तू बिना घड़े और रस्सी के पानी कैसे लेगा?
और क्या तू सोचता है कि तू कोई विशेष जन है?
क्या तू सोचता है कि तू हमारे पिता याकूब से भी बड़ा है, जिसने अपने जानवरों और अपने परिवार समेत स्वयं इस कुएँ से पानी पिया?
याकूब ने इस कुएँ से पानी पिया परन्तु हमेशा फिर से प्यासा हो गया।
जैसे कि तू या मैं या कोई अन्य इस पानी को पिएगा।
परन्तु जो कोई मुझ से जीवन के जल को पीता है वह फिर कभी प्यासा नहीं होगा।
न केवल यह, परन्तु जो पानी मैं देता हूँ वह स्वयं अनन्त जीवन देने वाला ... एक सोता बन जाएगा।
मुझे वह अच्छा लगेगा। कृपया मुझे उसमें से थोड़ा पानी दो ताकि मुझे इस स्थान पर वापिस आने को मजबूर न होना पड़े।
उन लोगों के और उनकी दोष खोजने वाली नजरों के सामने से मजबूर न होना पड़े ...
घर जा।
अपने पति को अपने साथ लेकर आ।
मैं .... मैं बिना पति की हूँ।
बहुत सही।
तूने पाँच पति किए, और जो पुरुष अभी तेरे साथ है वह तेरा पति नहीं है।
तू ... क्या तू कोई भविष्यद्वक्ता है?


तू है, क्या तू नहीं है? एक यहूदी भविष्यद्वक्ता।
तुम यहूदी ऐसा इसलिए कहते हो क्योंकि यरूशलेम के बजाए इस पर्वत पर हम परमेश्वर की आराधना करते हैं ...
स्त्री ...
पिता ऐसे लोगों को चाहता है जो उसकी आराधना आत्मा और सच्चाई से करें! सच्चे आराधक!
परन्तु इस पर्वत पर? यरूशलेम में?
अंतर केवल यह है कि तुम नहीं समझते कि तुम क्या आराधना करते हो और वे यहूदी ऐसा इसलिए करते हैं, क्योंकि उद्धार यहूदी से आता है।
मैं जानती हूँ कि मसीह आने वाला है और जब वह हमें यह सब समझाएगा तब हम समझेंगे!
और मैं यहाँ हूँ।
तुझे समझा रहा हूँ।
हे गुरु, तू उससे बातें क्यों करता है?
हम तेरे लिए भोजन लाए हैं।
मैं पास भोजन है। ऐसा भोजन जिसके बारे में तुम जानते भी नहीं।
क्या कोई अन्य उसके लिए भोजन लेकर आया?
शायद वह स्त्री?
मेरे मित्रों, मेरा भोजन ...
... यह है कि उसकी इच्छा को करूँ जिसने मुझे यहाँ भेजा है!
एक किसान खेत को बोने के बाद, उसकी कटाई के समय तक प्रतीक्षा करता है, ठीक है?
खैर, अपनी आँखों को खोलो और खेत को देखो!
यूहन्ना ४:४-२१



यह कटाई करने का समय है!
मेरे आन से पहले जो बोया गया था यह उसे काटने का समय है!
... वह मेरे बारे में सब कुछ जानता है! मेरे पापों को!
वे बातें जिनकी तुम्हारे बीच में अधिक चर्चा नहीं होती है जानता है!
परमेश्वर चाहता है
कि उसके आराधक आत्मा और सच्चाई से आराधना करें!
परमेश्वर चाहता है
यीशु वहाँ दो दिन ठहरा, सेईर के बहुत से लोगों ने विश्वास किया।
तब यीशु वापिस गलील को लौटने के अपने मार्ग पर आगे बढ़ गया।
वह समय आ पहुँचा है!
स्वर्ग का राज्य निकट है और तुमको पश्चाताप करना चाहिए!
पश्चाताप करो और विश्वास करो।
और वहाँ गलील वासियों के द्वारा उसका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।
उसने उस नगर के आसपास के क्षेत्र में और उनके आराधनालयों में शिक्षा दी।
और उसने अपने दूसरे चमत्कार को किया।
महोदय!
महोदय!!!
मैं हेरोदेस अंतिपास का एक अधिकारी हूँ! मैं कफरनहूम से आया हूँ!
जो तू कर रहा है उसे मैंने सुना है और ...
जैसे तूने यूहन्ना को किया वैसे तू यीशु को गिरफ्तार नहीं करेगा!
तू गलत समझता है!


मैंने तेरी चर्चा सुनी है!
और जब मैंने सुना कि तू यहाँ है, मैं तुझे देखना चाहता था!
मेरा पुत्र लंबे समय से बीमार है और वह किसी भी समय मर जाएगा!
कृपया आकर मेरे पुत्र को चंगा कर!
मेरे वचनों पर विश्वास करने से पहले तुम चिन्ह और आश्चर्यकर्म और चमत्कार देखना चाहते हो?
कृपया उसके मरने से पहले मेरे साथ चल!
वह बुखार में है और अधिक समय नहीं बचा है!
घर जा। तेरा पुत्र नहीं मरेगा।
महोदय?
वह जीएगा!
और जैसे ही यीशु ने कहा उस लड़के का बुखार चला गया।
जिस घड़ी यीशु ने यह कहा था।
यूहन्ना ৪:৪৬-৫৪




मत्ती ७:२३-२५; मरकुस १:७०; लूका ४:१६-२१,४४


वह क्या कह रहा है?
वह यूसुफ का पुत्र है, है न?
क्या वह वही कह रहा है जो मैं सोचता हूँ कि वह कह रहा है?
मैं जानता हूँ कि तुम मुझसे वही करवाना चाहते हो जो मैंने कफरनहूम में किया था।
तुम मेरे गृहनगर के लिए वह करवाना चाहते हो जो मैंने नासरत से दूर अपनी यात्रा करते समय किया था।
लेकिन यह सुनो! एक सच्चे भविष्यद्वक्ता को अपने ही गृहनगर में स्वीकार नहीं किया जाता है!
लेकिन यह सुनो! एक सच्चे भविष्यद्वक्ता को अपने ही गृहनगर में स्वीकार नहीं किया जाता है!
परन्तु इसके बजाए उसे चमत्कारी रूप से भोजन खिलाने के लिए सारपत की विधवा के पास भेजा गया था।
और थोड़े ही दिनों के बाद, एलीशा को इस्राएल में कितने ही कोढ़ियों के पास भेजा जा सकता था!
परन्तु उसे नामान को चंगा करने के लिए सीरिया को भेजा गया था!
इस रीति से बात करने की तेरी हिम्मत कैसे हुई!
इस तरह से हम पर दोष लगाने की!
इसे यहाँ से निकल दो!
इसे नगर से निकल दो!


भविष्यद्वक्ताओं को अपने ही गृहनगर में आदर नहीं मिलता?
शायद ऐसा इसलिए है कि वे बिना आदर के व्यवहार करते हैं!
इसे चट्टान पर ले जाओ!
इस विधर्मी को ऊपर से फेंक दो!
ऊपर से फेंक दो . .. रुको, क्या?
वह कहाँ है?
वह मेरे हाथों में था ...
असम्भव!
वह कहाँ चला गया?
यीशु?
कैसे ...?
अब यह हमारा आगे जाने का समय है ...
लूका 4:22-30




मत्ती 4:18-22; मरकुस 1:14-20; लूका 5:1-11


गहरे पानी में जा और अपने जाल डाल।
देखते हैं कि तू क्या पकडता है।
हे गुरु, मैं पूरी रात से बाहर हूँ और कुछ भी नहीं पकडा है!
निश्चित रूप से इस दोपहर में हम कुछ भी नहीं पकडने वाले हैं!
कोई संवाद नहीं।
क्योंकि यह तू है, इसलिए मैं इसे
भाइयों, आओ चलें!
वह हम से क्या पकड़वाना चाहता है?
क्या तुमने वह महसूस किया?
महसूस करो ... वाह .... ओहो ...
सुनो, तुम भाइयों! यहाँ ऊपर आओ!
हमें यहाँ सहायता की आवश्यकता है!




मत्ती 4:18-22; मरकुस 1:14-20; लूका 5:1-11



कुछ देर के बाद किनारे पर ...
हे अन्द्रियास, तुम कहाँ जा रहे हो?
हम ने सुना है कि तुमने कल रात ढेर सारी मछलियाँ पकड़ी थीं!
नहीं! आज ही की सुबह में! मेरी आँखों देखी आज तक की सबसे बड़ी मछलियों की पकड़!
उस गुरु ने ऐसा किया!
वह गुरु!
मैंने उस चमत्कार के ... और उन शिक्षाओं के बारे में सुना है ...
उस जैसे का अनुसरण करना ... बहुत अद्भुत होगा ...
तुम दोनों, आओ!
मेरे साथ आओ!
हे पुत्रों, जाओ!
जल्दी करो!
इस मनुष्य के शब्दों और बातों दोनों में शक्ति है!
और इस प्रकार से, वे दोनों उसके पीछे हो लिए।
मत्ती 4:18-22; मरकुस 1:14-20; लूका 5:1-11




मरकुस 1:21-28; लूका 4:33-37


वह बुखार से बहुत कमजोर है।
वह कुछ समय से बीमार रही है।
परन्तु ... वह अब भी जीवित है और वह स्वयं बात कर सकती है!
पतरस ने हमें उस चमत्कार के बारे में बताया है जो उसने देखा था।
मैं एक बूढ़ी स्त्री हूँ, बहुत थकी हुई ... बहुत कमजोर ... परन्तु तुम ....
कृपया एक पल के लिए शान्त रहो।
यह बुखार तुमको छोड़ देगा।
अभी।
मैं ... मैं ... तेरा धन्यवाद करती हूँ!
मैं ऐसा महसूस करती हूँ ... जैसे मैंने सदियों में महसूस किया हो मैं ऐसा महसूस करती हूँ।
हम किस तरह के मेजबान हैं?
क्या मैं तेरे लिए कुछ खाने को लेकर आऊँ?
भोजन? पेय?
उस दिन, वचन फैल गया।
उस रात, लोग इकट्ठे हुए।
वे बीमार और कमजोर लोगों को लेकर आए और उसने उनको चंगा किया।
वे दुष्टात्मा से ग्रस्त लोगों को लेकर आए ...
किसी ऐसी चीज से ग्रस्त जिसके बारे में लगता था कि वह यीशु को जानती है ...
परन्तु उसने उसे निकाल बाहर किया और उसे बोलने का अवसर नहीं दिया।




मरकुस 1:35-39; लूका 4:42-44




मत्ती 8:2-4; मरकुस 1:40-44; लूका 5:12-14


मै हूँ .... मै हूँ ....
ओह, तेरा धन्यवाद!
तेरा धन्यवाद!
अब जा!
स्वयं को याजक को दिखा और मूसा ने जो आज्ञा दी है उस शुद्ध होने के बलिदान को चढ़ा।
और निश्चय कर कि किसी को नहीं बताना कि यह मैंने किया है!
हाँ महोदय!
हाँ महोदय!
वह मनुष्य जिससे भी मिला उसको बता दिया कि क्या हुआ था और किसने यह किया था।
यह बात और भी फैल गई।
हे शमौन, क्या तूने उसकी शिक्षाओं को सुना है?
मैंने सुना है कि वह वादा किया हुआ मसीह कहलाता है! यहाँ तक कि वह स्वयं को यही कहता है!
हे यहूदा, लोग काफी बातों को कह सकते हैं, परन्तु उनकी गतिविधियों में मैं अधिक रुचि लेता हूँ!
यदि कभी कोई ऐसा समय रहा कि जिसमें हमें मसीह की आवश्यकता थी तो वह अब है!
हे शमौन, सही कहा।
जब यीशु नगर-नगर फिरता रहा तो भीड़ भी उसके पीछे-पीछे चली।
ऐसे ही, उसे हमेशा ऐसा शान्त स्थान मिला जहाँ वह प्रार्थना करने के लिए अकेला हो सके।
लूका 5:15-16




मरकुस 2:1-12; लूका 5:17-26






मरकुस 2:1-12; लूका 5:17-26




मत्ती 9:9; मरकुस 2:13-14; लूका 5:27-28







मत्ती 9:10-15; मरकुस 2:15-20; लूका 5:29-35




मत्ती 9:16-17, यूहन्ना 5:2-15


मेरे मित्र, अब पाप नहीं रहा!
तेरा धन्यवाद! तेरा धन्यवाद!
तू क्या कर रहा है?
यह सब्त का दिन है! अर्थात विश्राम का दिन!
इस तरह से अपना बिस्तर उठाना परमेश्वर की व्यवस्था के अधीन नहीं है!
परन्तु उस पुरुष ने मुझे मेरा बिस्तर उठाने और चलने-फिरने के लिए कहा! मैं कर सकता हूँ ...
पर्याप्त
तू क्यों सोचता है कि तू सब्त के दिन इन कामों को कर सकता है?
मेरा पिता सब्त के दिन भी काम करता है, इसलिए मैं भी काम कर रहा हूँ।
जो कुछ भी पिता करता है, वह पुत्र भी करता है। यहाँ तक कि मुर्दों को जीवित करना भी!
क्या तू कह रहा है कि तू परमेश्वर का पुत्र है? कि तू उसके बराबर है?
यदि मैं यह अपने बारे में कहूँ, तो तुम्हारे पास विश्वास न करने के लिए कारण होगा।
परन्तु यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले ने मेरे बारे बोला था।
निःसंदेह, मेरे बारे में एक मजबूत गवाही हैः पवित्रशास्त्र में स्वयं परमेश्वर।
परन्तु तुमने उसे देखने से इंकार कर दिया।
इसके बजाए, तुमने दूसरों पर दोष लगाने के लिए पवित्रशास्त्र को पढा, और वही मूसा की व्यवस्था वास्तव में तुम पर दोष लगाती है!
तुम कहते हो कि तुम मूसा पर विश्वास करते हो, परन्तु यदि तुमने ऐसा किया तो तुम मुझ पर विश्वास करोगे।
उसने मेरे बारे में लिखा!
परन्तु क्योंकि तुम उसके ही लिखे हुए को नहीं मानते, तो तुम मुझ पर कैसे विश्वास करने वाले हो?




मत्ती 12:1-14; मरकुस 2;23-28; मरकुस 3:1-6; लूका 6:1-11



यह जान कर यीशु चला गया।
इस सब ने उस बात को पूरा किया जो यशायाह ने मसीह के विषय में कही थी:
"देखो मेरा दास, जिसे मैंने चुना है। मेरा प्रिय, जिससे मेरा आत्मा अत्यन्त प्रसन्न है। मैंने अपना आत्मा उस पर रखा है ...और सब जातियाँ, यहाँ तक कि अन्यजातियाँ भी उसके नाम पर अपने भरोसे को रखेंगी।"
और एक दिन, एक पर्वत पर सारी रात अकेले प्रार्थना करने के बाद, यीशु ने अपने अनुयायियों में से बारह पुरुषों को चुना।
शमौन, जो पतरस कहलाता है।
पतरस का भाई अन्द्रियास।
याकूब ...
और यूहन्ना, जब्दी के पुत्र।
फिलिप्पुस।
काना का नतनएल, जो बरतुल्मै भी कहलाता है।
थोमा, जो दिदुमुस भी कहलाता है, जिसका अर्थ है "जुडवाँ"।
मत्ती, जो चुंगी लेने वाला लेवी भी कहलाता है।
याकूब हलफई।
शमौन कनानी।
यहूदा, जो कि लबियुस तद्दै के नाम से जाना जाएगा।
और यहूदा इस्करियोति।
ये पुरुष प्रेरित कहलाए और उनको प्रचार करने और चंगा करने और दुष्टात्माओं के निकालने का अधिकार दिया गया था।




# मछुआरे की पत्नी की कहानी

## "सबसे बड़ी पकड़"




कैसे वह अपनी किसी भी समय की सबसे बड़ी पकड़ को छोड़ सकता है?
विशेषकर के जब मेरी माँ बहुत बीमार थी ...
माँ, क्या तुम ठीक हो?
हाँ मेरी प्रिय, तेरा धन्यवाद।
शमौन।
तू घर नहीं आया! मुझे लगा कि तुझे चोट लगी है या तू मर गया है!
तब मुझे मालूम हुआ कि तूने अपनी किसी भी समय की सबसे बड़ी पकड़ को छोड़ दिया है ...
उन संगियों ने उसकी देखभाल की है। वे तेरे पास कमाई का मेरा हिस्सा लेकर आएँगे ...
तुम सोचते हो कि जिसके बारे में मुझे चिन्ता है वह धन है?
तुम उस नए गुरु का अनुसरण कर रहे हो जो स्वयं को मसीह कहता है!
हाँ।
जो कोई भी उनके बारे में ऐसा कहता है वह या तो पागल है या झूठ बोल रहा है या दोनों है।
नहीं। यह पुरुष पागल नहीं है, वह दयालु और बुद्धिमान है।
और मैं नहीं सोचता कि यदि वह ऐसा चाहे तो वह झूठ बोल सकता है। परन्तु मैं जानता हूँ कि वह कभी ऐसा नहीं चाहेगा।
शमौन ने हर एक बात बता दी कि क्यों उसने और अन्द्रियास और याकूब और यूहन्ना और बहुत से अन्यों ने यीशु का अनुसरण किया।
उन शिक्षाओं और उन चमत्कारों के बारे में बताया।
और एक बार फिर से, उसके जाते समय मैंने अपने पति की विदाई का अभिवादन किया ...
कृपया सिमोन न करें
मुझे जरूर
... चकित थी कि क्या मैं फिर कभी उसको देखूँगी।


यह सब्त से पहले का दिन था जब मैं उसे फिर से देखा।
माँ, तूने बहुत देर से कुछ नहीं खाया है।
मुझे भूख नहीं लगी ...
मेहमान! तेरे पास मेहमान आए हैं!
नमस्कार मेरे प्रियों।
शमौन?
मैं एक मेहमान को लाया हूँ।
मैं मेहमानों के लिए तैयार नहीं हूँ ...
अंदर आओ, अंदर आओ। तो तुम वह यीशु हो जिसके विषय में शमौन ने बताया था!
पतरस ने मुझे बताया कि तुम्हारी माँ बीमार है।
क्या मैं उससे मिल सकता हूँ?
तुमने इस बारे में सुना है कि उसके बाद क्या हुआ।
क्या वह कर सकता है?
बस देखते रहो!
मैं तुम्हारे खाने के लिए कुछ लेकर आती हूँ!
तुम भूखे होगे! मैं जानता हूँ मैं हूँ!


इसके बाद?
हे प्रियों, क्या अब तुम समझते हो?
उसने मुझे मनुष्यों को पकड़ने वाला बनने के लिए आमंत्रित किया।
वास्तव में केवल एक ही काम है जो तुम कर सकते हो ...
... पतरस।
उस रात, यीशु ने बहुतों को चंगा किया, उन बहुत से लोगों को जो हमारे घर आए थे।
अगली सुबह ...
... मैंने अपने पति को फिर से अलविदा कहा।
एक मछुआरे की पत्नी, जिसका पति अब एक अलग पकड़ की खोज में था।
सबसे बड़ी पकड़।

"THE BIBLE EXPLAINED
IN EVERY LANGUAGE."








SUPERBIBLE.TV